उच्च शि

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक :– रू०वि० / सम्ब० / 2011 दिनांक:– 01.08.2011

सेवा में,

सचिव / प्रबन्धक,
विवेकानन्द महाविद्यालय,
दरवाड़ा, चॉंदपुर, बिजनौर।

महोदय,

कृपया अपने पत्र दिनांक 25.07.2011 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या सम्ब0 236 / सत्तर–2–2010 –2(236) / 2010, दिनांक 30 जुलाई, 2010 द्वारा निर्गत सम्बद्धता स्वीकृति विषयक आदेश के आलोक में मुझे आपको यह सूचित करना है कि स्नातक स्तर पर कला संकायान्तर्गत बी0ए0 (हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, उर्दू, समाजशास्त्र, ड्राइंग एण्ड पेंटिंग एवं गृह विज्ञान) एवं बी.काम. पाठ्यक्रम का सत्र 2010–11 का घोषित परीक्षाफल शासनादेश के अनुसार होने की स्थिति में, सत्र 2010–11 से सम्बद्धता की पूर्वानुमति के प्रश्नगत शासन के आदेश को सम्बद्धता (स्थायी) की पूर्वानुमति मानते हुए, स्नातक स्तर पर कला संकायान्तर्गत बी0ए0 (हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, उर्दू, समाजशास्त्र, ड्राइंग एण्ड पेंटिंग एवं गृह विज्ञान) एवं बी.काम. पाठ्यक्रम की दिनांक 01.07.2010 से कुलपति महोदय ने अग्रेत्तर सम्बद्धता (स्थायी) प्रदान करने की कृपा की है:–

1. संस्था शासनादेश संख्या–2851 / सत्तर–2–2003–16(92) / 2002, दिनांक 02 जुलाई, 2003 में उल्लिखित दिशा निर्देशों एवं इस विषय में समय–समय पर निर्गत शासनादेशों का पालन करेगी।
2. यदि संस्था द्वारा विश्वविद्यालय की परिनियमावली / अध्यादेश में वर्णित तथा शासन एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शर्तो एवं मानकों की पूर्णता तथा निरन्तरता को सुनिश्चित नहीं किया जाएगा तो उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 के प्राविधानों के अन्तर्गत संस्था को प्रदान की गयी सम्बद्धता वापस लिये जाने की कार्यवाही नियमानुसार की जाएगी।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि–

1. सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को पत्र संख्या 236 / सत्तर–2–2010–2(236) / 2010, दिनांक 30 जुलाई, 2010 के सन्दर्भ में सूचनार्थ तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. वित्त अधिकारी
3. सहायक कुलसचिव(परीक्षा, गोपनीय, शैक्षणिक, मुद्रण)
4. अधीक्षक परीक्षा गोपनीय / परीक्षा
5. प्रभारी मीटिंग
6. प्रभारी कम्प्यूटर।

कुलसचिव